तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 23 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 कोरबा और कटघोरा में सारी समितियों के तेंदूपत्ता की पहली बार हुई खरीदी





बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल

लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें :- 7400009183


# हनुमान जन्मोत्सव पर राम नाम लिखित किताब की जाएगी भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार


अलग खबर

हरदीबाजार के गांधीनगर में निवासरत राकेश पांडे ने अब तक 11 लाख 51 हजार 121 राम नाम, डिब्बे वाली कापी में लिख चुके हैं। श्री पांडे वर्ष 2020 में अपनी मां श्रीमती कौशल्या देवी पांडे से प्रेरणा लेकर राम नाम लेखन प्रारंभ किए जो आज तक अनवरत जारी है। वे जहां भी तीर्थ स्थल जाते हैं वहां अपने द्वारा लिखित राम नाम की बुक को भेंट करते हैं। उन्होंने बताया कि उज्जैन महाकाल मंदिर, कांशी विश्वनाथ मंदिर, बाबा बैद्यनाथ मंदिर व पुरी के जगरन्नाथ मंदिर में भेंट चढ़ा चुके हैं। 23 अप्रैल को हनुमान प्रकाटउत्सव पर अपने लेखन से लिखा हुआ राम नाम एक बुक सराईसिंगार बजरंगबली संकट मोचन मंदिर में भेंट करेंगे। श्री पांडेय मुलतः जांजगीर के निवासी हैं। उनकी धर्मपत्नी शासकीय हाईस्कूल अमगांव में शिक्षिका है और वे स्वयं एक प्राईवेट स्कूल में शिक्षक है। श्री पांडेय ने बताया कि वे श्री रामायण, प्रति मंगलवार हनुमान चालीसा, दुर्गा सप्तशती का पाठ घर पर ही करते हैं। श्री पांडेय स्वाभाव से शांत प्रवृत्ति के हैं। वे कहते हैं कि खाली समय और खाली दिमाक शैतान का तो जब भी खाली समय और खाली दिमाक हो तो आप सभी प्रभु श्रीराम का नाम स्मरण करते रहे, लिखते रहे ,सच्चे कर्म और ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था ही आत्मिक शांति और संतुष्टि है। इससे बढ़ा धन हो ही नहीं सकता जिसे न को चुरा सकता है न छिन सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत राकेश पांडेय का कहना है कि हर व्यक्ति को कोई न कोई ऐसा कार्य अपने जीवन में करना चाहिए जो आस्था के साथ जीवन को जोड़कर रखे। जीवन में आने वाली कठिनाईयां ऐसे ही आत्मिक शांति वाले कार्यों से दूर भी रहती है। रामनाम की लेखन विधा ने उन्हें ऐसे कई संकटों से भी दूर रखा है। जिससे आदमी आर्थिक और सामाजिक परेशानियों के जकड़ में फंसा रहता है।

## तीर्थस्थलों में भेंट कर चुके हैं राम नाम की किताब

**खास बातें**

- कोरोना काल वर्ष 2020 से कर रहे हैं यह कार्य, जो आज तक है जारी
- सामाजिक विषयों पर भी लिखे हैं लेख



### लेखन के साथ आस्था का जुड़ाव

निजी स्कूल के शिक्षक राकेश पांडेय का कहना है कि शिक्षा के साथ साथ कई लेख भी लिखते रहे हैं। कोरोनाकाल के समय जब वह खाली समय बिता रहे थे तो उनके मन में विचार आया कि लेखन को आस्था से भी जोड़ा जाए और इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने इस कार्य की शुरुआत की। जब भी खाली समय मिलता वह राम नाम लिखने बैठ जाते। उनका मानना है कि राम नाम का यह धन कभी चुराया नहीं जा सकता। लेखन विधा से जुड़े होने के कारण उन्होंने आस्था के साथ अपने इस लेखन को जोड़ा है और आगे भी वह अनवरत लिखते रहेंगे। राम नाम की किताब को वह देश के तीर्थ स्थलों में भेंट कर चुके हैं। उनकी इच्छा है कि देश के हर तीर्थ स्थल में रामनाम की किताब भेंट करें और वह अपनी इस उद्देश्य को लेकर अनवतर लिखते रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### हनुमान जन्मोत्सव पर उद्योग मंत्री देवांगन होंगे शामिल



**कोरबा।** मंगलवार को हनुमान जयंती के पावन अवसर पर वाणिज्य व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन विभिन्न मंदिरों में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव में शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा बालकोनगर के श्रीराम मंदिर से परसाभाठा तक आयोजित भव्य शोभायात्रा में शामिल होंगे। शाम 4 बजे आरपी नगर फेस 2 में श्रीसिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, 4.30 बजे आरएसएस नगर के हनुमान मंदिर एवं शाम 5 बजे नया कांशीनगर के हनुमान मंदिर में भगवान श्री हनुमान की पूजा अर्चना मे शामिल होंगे। वहीं शाम 5.30 बजे बुधवारी राम जानकी मन्दिर में आयोजित भव्य जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा अर्चना व प्रसाद का वितरण करेगें। शाम 6 बजे वार्ड क्रमांक 15 न्यू नेहरू नगर में आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### पूजा-पाठ व प्रसाद वितरण आज

**हरदीबाजार।** मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर सराईसिंगार बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समिति के सदस्यों के द्वारा सुबह हनुमान जी की विशेष साज-सज्जा एवं पूजा पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। रात को रामायण मंडली के द्वारा रामायण गायन का आयोजन किया गया है। समिति के सदस्यों के द्वारा हनुमान मंदिर में प्रति मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा व आरती लगातार करते हुए 349वां सप्ताह पूरा किया जाएगा।

### बालको में निकलेगी शोभायात्रा

**कोरबा।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल बालको द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर दोपहर 2 बजे से श्रीराम मंदिर बालको से विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए परसाभाटा चौक तक आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। जिसमें महिला कर्मा शक्ति समूह, धूमाल मां भवानी दुर्ग, शिवजी की झांकी कसडोल, बाहुबली बजरंगबली मध्य प्रदेश, घोड़ा की झांकी रायगढ़, अघोरी शिव झांकी शक्ति, शिवाजी महाराज रुद्राभिषेक, डीजे बालको, राउत नाचा बिलासपुर शामिल होंगे एवं ड्रोन से पुष्प वर्षा होगी।

### हनुमान मंदिर में भोग भंडारा का आयोजन

**कोरबा।** सरायपाली अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद इस वर्ष इस जयंती की खुशी दोगुनी हो गई है। वन विभाग परिसर में स्थित दक्षिण मुखी मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में इस बार भक्तों ने झालर लाइटिंग, फूलों की माला से भव्य सजावट किया गया है। हनुमान जयंती के अवसर पर तड़के 4 बजे से कपाट भक्तों लिए खोल दिए जाएंगे। इस दौरान सुबह भगवान को पंचामृत से अभिषेक के पश्चात सिंदूर लेप और भगवा रंग के चमचमाती पोशाक, फूलों की माला एवं आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। उसके बाद विधि विधान से पूजन हवन संपन्न किए जाएंगे। भगवान के समक्ष 56 भोग का प्रसाद अर्पित किया जाएगा। जिसमें कई प्रकार के व्यंजनों को शामिल किया गया है।

## 34 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया था नाम निर्देशन पत्र

# दो अभ्यर्थियों के नाम वापस लेने के बाद कोरबा लोकसभा में 27 प्रत्याशी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाम वापसी के दिन मंगलवार को दो अभ्यर्थियों के चुनावी मैदान से नाम वापस लेने के बाद अब 27 प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं। जिनके बीच चुनावी मुकाबला होगा। कुल 34 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था जिनमें पांच अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र स्क्रूटनी के दौरान निरस्त कर दिए गए थे।

जिले में तीसरे चरण के लिए 7 मई को होने जा रहे मतदान हेतु 12 अप्रैल से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरु की गई थी। 19 अप्रैल जिसकी अंतिम तिथि तय की गई थी। अंतिम तिथि तक कुल 34 अभ्यर्थियों के द्वारा अपने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए थे। इनमें 21 अप्रैल को स्क्रूटनी के दौरान 5 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र में गलतियां पाए जाने के कारण उन्हें निरस्त कर दिया गया।

जिसके बाद शेष बचे 29 अभ्यर्थी में से दो अभ्यर्थी कलाम खान मरवाही और राजन पांडेय सोनहत द्वारा सोमवार को नाम वापसी प्रक्रिया के दौरान अपने नाम निर्देशन पत्र वापस लिए गए। अब कुल 27 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। जिनके बीच मुकाबला होना है।

**खास बात**

- पांच अभ्यर्थियों का नामांकन स्क्रूटनी में हो चुका है निरस्त





नामवापसी के दौरान उपस्थित अभ्यर्थी।

### प्रत्येक मतदान केंद्र में लगेगी दो ईवीएम

27 प्रत्याशियों के चुनावी मैदान में उतरने के कारण अब लोकसभा के सभी मतदान केंद्रों में दो ईवीएम मशीन लगाई जाएगी। एक ईवीएम में 16 अभ्यर्थियों के नाम ही दर्ज रहते हैं। ऐसे में दो ईवीएम का लगना जरुरी हो गया है। 27 अभ्यर्थियों में कांग्रेस भाजपा और बसपा के अलावा आरपीआई एवं निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में है। जिनकी संख्या ज्यादा है। कोरबा लोकसभा के 8 विधानसभा अंतर्गत 1820 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां 7 मई को मतदान किया जाएगा।

### ये प्रत्याशी हैं मैदान में

| पार्टी | प्रत्याशी | पार्टी | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सरोज पांडेय | निर्दलीय | शोबरन सिंह शैना |
| कांग्रेस | ज्योत्सना महंत | निर्दलीय | केवल भारती गोस्वामी |
| गोंगपा | श्यामसिंह मरकाम | निर्दलीय | प्रताप सिंह भानु |
| भाशचे पार्टी | कमलदेव | निर्दलीय | पालन सिंह |
| छगविगं पार्टी | रेखा तिवारी | निर्दलीय | जयचंद सोनपाकर |
| छग जोहार पार्टी | दिलीप मिरी | निर्दलीय | शांति बाई मरावी |
| बसपा | दूजराम बौद्ध | निर्दलीय | अमरिका करपे |
| आरपीआई | प्रियंका पटेल | निर्दलीय | निर्दोश कुमार यादव |
| भाजसे पार्टी | सुशील कुमार विश्वकर्मा | निर्दलीय | संतोष शर्मा |
| सर्वआदि दल | प्रशांत डेनियल | निर्दलीय | शेख रउफ |
| छत्तीसढ़िया पार्टी | कल्याण सिंह तंवर | निर्दलीय | शिवपूजन सिंह |
| निर्दलीय | रमेशदास महंत | निर्दलीय | कौशिल्या बाई पोर्ते |
| निर्दलीय | राजेश पांडेय | निर्दलीय | पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी |
| निर्दलीय | महेंद्र कुमार श्रीवास | | |

# कोयला चोर को पकड़ने पहुंचे वन अमले पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश



लाल घेरे में पकड़ा गया आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल से कोयले का अवैध उत्खनन व परिवहन की सूचना पर वन अमले की टीम ने देर रात को घेरा बंद कर एक ट्रेक्टर को जप्त किया है। पकड़े गए ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के परला बिट के बगबुड़ा जंगल में इन दिनों कोयला की अवैध तस्करी व परिवहन की जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग के अफसरों के कान खड़े हो गए और केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के नेतृत्व में बगबुड़ा क्षेत्र में घेराबंदी की गई। इसी दौरान यहां के जंगल में एक ट्रैक्टर दिखा जिसमें बोरी में कोयला लदा हुआ था। वन विभाग की टीम द्वारा जब ट्रैक्टर चालक को रोकने का प्रयास किया तो पहले उसने टीम के सदस्यों पर वाहन को चढ़ाने का प्रयास किया और भागने की कोशिश


⏭ शेष पेज 3 पर


**खास बातें**

- कटघोरा वन मंडल के बगबुड़ा जंगल से हो रहा था अवैध परिवहन
- देर रात को वन अमले की टीम ने की थी घेराबंदी, चालक गिरफ्तार

# खदान प्रभावित 9 गांव के ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल खदान प्रभावित 9 गांव के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है। पिछले 15 वर्षों से समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में भागीदारी नहीं निभाने का निर्णय लिया है। गांवों में हैवी ब्लास्टिंग से समस्याएं निर्मित हो रही – है। पेयजल की समस्या गहराई हुई है। मुआवजा, रोजगार, बसाहट के प्रकरण भी लंबित हैं। समस्याग्रस्त ग्रामीणों ने इसकी न सूचना देते हुए कलेक्टर व जिला निर्वाचन 5 अधिकारी सहित पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

एसईसीएल खदान प्रभावित ग्राम पाली, पड़निया, सोनपुरी, जटराज (चंद्रनगर), खैरभवना, रिसदी, खोडरी, चुरैल, अमगांव के ग्रामीणों ने एकमत होते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का का निर्णय नि लिया है। सभी गांव के ग्रामीणों ने आपस में बैठक कर निर्णय लिया है कि गांवों की ज्वलंत समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा ई है। ऐसे में वे मतदान नहीं करेंगे। सौंपे गए 5 ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त गांवों न के निकट खदान होने के कारण कई तरह विकराल समस्या का कर रहे सामना ग्रामीण दिलहरण लाल सारथी ने बताया कि खदान गांव के काफी नजदीक आ चुकी है। 11 मीटर दूर 300 से 400 होल में ब्लास्टिंग किए जाने से खदान का पत्थर घरों में गिरता है। मकानों में दरारें आ गई हैं। खदान के कारण भूजल स्तर नीचे चला गया है। कुआं और तालाब सूख ग गए हैं। बिजली नहीं होने पर पानी तक नहीं मिल पाता। ग्रामीणों की भूमि को वर्ष 2009-10 में अधिग्रहित किया गया था, लेकिन उस समय का मुआवजा वर्तमान दर के बजाए पुराना दिया जा रहा है। नौकरी की पालिसी से छोटे खातेदार रोजगार से वंचित हो रहे हैं। बसाहट भी नहीं दी गई है।



समस्या प्रभावित ग्रामीण।

### तीन ग्राम पंचायत के ग्रामीण लामबंद

जिन 9 गांव के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान किया है वे तीन ग्राम पंचायतों के अंतर्गत आते हैं। ग्राम पंचायत पाली, खोडरी व खैरभवना के ग्रामीण परेशान हैं। उनका कहना है कि यहां आबादी चार से पांच हजार है जो लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी नहीं लेकर लामबंद हैं। निभाएंगे। वे पूरी तरह से अपनी मांगों को से वे उक्त समस्याओं से जूझते आ रहे हैं। शासन प्रशासन से कई बार गुहार लगाने के होने से वे क्षुब्ध हैं। इस कारण उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करने का एलान किया है।

# नव विवाहिता ने लगाई फांसी, उपचार के दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो साल पूर्व एक युवती की शादी हुई थी। इस 2 साल के दौरान न जाने ऐसा क्या हुआ कि नव विवाहिता ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जहां से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था और उपचार के दौरान आखिरकार नव विवाहिता की मौत हो गई। मामले में जिला पुलिस की टीम ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। नव विवाहिता ने आखिर किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। मामला बालको थाना क्षेत्र के शिवनगर बस्ती की है। यहां निवासरत अमित कुमार सिंह की 2 वर्ष पूर्व सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस निवासी रानी सिंह 25 वर्ष से विवाह हुआ था। बताया जाता है कि 8 अप्रैल को रानी सिंह ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। जब परिजनों को भनक लगी तो उसे फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां उपचार के दौरान बीती रात को रानी सिंह की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मामले में अस्पताल चौकी पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नेशनल लोक अदालत 11 मई को

**कोरबा।** नालसा नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त लोक अदालत को सफल बनाने हेतु श्री सत्येंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिव श्रीमती शीतल निकुंज ने आम नागरिकों से अपील की है कि न्यायालय में संस्थित अपने सिविल, क्रिमिनल, मोटर दुर्घटना, बैंक संबंधी मामले, निगम से संबंधित जल कर, भू-कर, मकान कर, बिजली से संबंधित मामले, दूर संचार विभाग से संबंधित मामले, विभिन्न आपराधिक प्रकरण एवं पारिवारिक विवाद जैसे समस्त मामले जो राजीनामा योग्य हो, उसमें न्यायालय पहुंचकर अपने मामले समझौता एवं सुलह के माध्यम से निराकरण कराए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## सुबह से रुक-रुककर होती रही बूंदा-बांदी, चिलचिलाती धूप से तापमान पहुंच गया था 44 डिग्री सेल्सियस

# मौसम ने बदली करवट, 7 डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज गर्मी के बीच मंगलवार की सुबह आसमान में बादल छाने और रुक रुककर बारिश होने से दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। एक दिन पूर्व सोमवार को दिन का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम के करवट बदलते ही तापमान 7 डिग्री सेल्सियस नीचे आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिनभर सड़कों में चहल पहल रही जो एक दिन पूर्व सूनसान रहा करती थी।

तेज गर्मी के कारण जिले का तापमान बीते एक पखवाड़े से 40 डिग्री सेल्सियस के उपर चल रहा था। 42, 43 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचने पर लोग सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलना बंद कर दिए थे और दोपहर में चौक चौराहे और सड़कों में सन्नाटा पसर जा रहा था। कभी कभार जरुर काम होने की वजह से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे थे। वहीं दफ्तरों में अनवरत काम चलता रहा। किंतु गर्मी का असर दफ्तरों में भी नजर आया। हालांकि कर्मचारियों की उपस्थिति में कोई कमी नहीं दिखी। किंतु दो राजनीतिक सभाओं के दौरान गर्मी का असर जरुर नजर आया। दूर दराज से आये लोग दुकानों के छज्जे में धूप से बचने के लिए खड़े थे। 21 अप्रैल को तापमान अधिकतम 44 डिग्री एवं न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। एकाएक आधीरात बाद मौसम ने करवट बदली हवाएं चलने के कारण सुबह आसमान में बादल छा गए थे जो दिनभर छाए रहे। इस दौरान रुक रुककर हल्की बूंदा बांदी होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं रविवार की अपेक्षा सोमवार को चौक चौराहें और सड़कों में चहल पहल बनी रही। शाम 5 बजे के बाद शहर के कुछ स्थानों में बारिश हुई। देर शाम तक तापमान और नीचे जाने की संभावनाएं बनी हुई है।



दोपहर बाद शाम को हुई बूंदाबांदी से शहर भीगा।

### दो दिन रहेगा मौसम में बदलाव

मौसम में यह बदलाव आगामी दो दिन तक रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। देश के कुछ हिस्सों में बारिश होने का असर छग में भी दिखाई पड़ रहा है। उड़िसा राज्य की सीमा से लगे होने के कारण समुद्र से उठने होने वाली नम हवाओं के कारण मौसम में बदलाव आता है। वर्तमान में तीन दिन पूर्व ही उड़िसा में मौसम ने करवट बदली थी जिसका असर छग में भी दो दिनों तक बने रहने की संभावनाएं जताई जा रही है।

### कोरबा कांग्रेस समन्वयक बनाए गए अशोक



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक अग्रवाल को कोरबा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव- 2024 का समन्वयक नियुक्त किया गया है। उन्हें कोरबा संसदीय क्षेत्र पहुंचकर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी से मिलकर एवं समन्वय बनाकर प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है।

* **कोरबा।** नगर पालिक निगम के पोड़ीबहार वार्ड क्रमांक 29 में बीते दो दिन से डोर टू डोर कचरा संग्रहण का काम बंद पड़ा हुआ है। वहीं सफाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेसन स्टैथम-जोश हचरसन की 'द बीकीपर' की ओटीटी पर दस्तक जल्द



जेसन स्टैथम ने एक बार फिर लायंसगेट प्ले के 'द बीकीपर' में कॉल टू एक्शन का जवाब दिया है। फिल्म में स्टैथम, एडम क्ले नामक एक असाधारण मधुमक्खी पालक की भूमिका में हैं, जो अपनी पसंद के अनुसार न्याय की सेवा करने के लिए कार्रवाई पर लौटता है। जेसन स्टैथम ने एक बार फिर लायंसगेट प्ले के 'द बीकीपर' में कॉल टू एक्शन का जवाब दिया है। फिल्म में स्टैथम, एडम क्ले नामक एक असाधारण मधुमक्खी पालक की भूमिका में हैं, जो अपनी पसंद के अनुसार न्याय की सेवा करने के लिए कार्रवाई पर लौटता है। जोश हचरसन अपने 'द हंगर गेम्स' व्यक्तित्व से एक कदम दूर हटकर स्टैथम के खिलाफ मुकाबला करते हुए पागल डेरेक डैनफोर्थ की भूमिका में हैं। डेविड आयर द्वारा निर्देशित, 'द बीकीपर' आपको शुरू से अंत तक बांधे रखने के लिए रोमांचक एक्शन और कथानक का वादा करता है। सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद हर किसी की नजरें इसके ओटीटी प्रीमियर पर टिकी हुई हैं। इसका प्रीमियर विशेष रूप से इस 26 अप्रैल को लायंसगेट प्ले पर होगा। अपने किरदार डेरेक डैनफोर्थ के बारे में बात करते हुए, जोश हचरसन ने कहा, 'डेरेक का किरदार निभाना मेरे लिए एक बहुत बड़ा प्रस्थान है। वह पूर्ण रूप से पागल है जिसके पास बहुत ताकत है, बहुत पैसा है और बहुत सारी चीजें हैं। मैं आमतौर पर खुद उन चीजों से दूर रहने की कोशिश करता हूं, लेकिन यह बस, किसी ऐसे व्यक्ति के दिमाग में जाना था जो सिर्फ आंसू बहा रहा हो और उसका अहंकार और आत्ममुग्धता बिल्कुल उसी स्तर पर हो, जैसे कि छत से ऐसे स्तर पर गोलीबारी हो रही हो जिसे किसी को कभी भी अनुभव नहीं करना चाहिए, यह बहुत कुछ है। यह थका देने वाला है, लेकिन अपने आप के एक दूसरे पक्ष को देखना वास्तव में मजेदार है जिसके अस्तित्व के बारे में आप नहीं जानते थे।' एक गुप्त विशिष्ट संगठन, 'द बीकीपर्स' से सेवानिवृत्त होने के बाद, एडम क्ले अपनी मधुमक्खियों की देखभाल के लिए एकांत जीवन जीते हैं। हालांकि, जब उनके बुजुर्ग पड़ोसी को दुखद परिणामों के साथ उनकी जीवन भर की बचत से वंचित कर दिया जाता है।

### टॉलीवुड

## 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का पहला गाना 'व्हिसल पोडु' रिलीज



साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'गोटः ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। बीते दिन निर्माताओं ने पोस्टर जारी करते हुए जानकारी दी थी कि 'गोटः ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का पहला गाना जल्द ही रिलीज होने वाला है। वहीं आखिरकार अब इंतजार खत्म हो चुका है। निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है, जिसका शीर्षक है 'व्हिसल पोडु'। अभिनेता विजय की 'गोट' के निर्माताओं ने तमिल नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पहला गाना 'व्हिसल पोडु' जारी कर दिया है। यह एक पार्टी गीत है, जिसे विजय ने स्वयं गाया है। और अभिनेता ने प्रभावशाली काम किया है। संगीत वीडियो में विजय ने डांस मूव्स भी दिखाए। युवान शंकर राजा ने गाने में संगीत दिया है। गाने का आखिरी मिनट काफी अच्छा है, जिसमें विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर के डांस मूव्स देखने को मिले। 'आरआरआर' और 'बाहुबली' के लेखक मदन कार्की ने इस फुट-टैपिंग डांस नंबर के लिए गीत लिखे हैं। प्रोडक्शन कंपनी एजीएस प्रोडक्शन ने गाने को अपनी आधिकारिक एक्स साइट पर साझा किया और लिखा और लिखा, 'हियर वी गो, व्हिसल पोडू...गोट फर्स्ट सिंगल। विजय सर का स्वर है। पार्टी डांस सॉन्ग दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। इसका म्यूजिक लोगों को अपने पैर पर थिरकने के लिए मजबूर कर देगा। वीडियो में विजय, प्रशांत, प्रभुदेवा और अजमल अमीर का धमाकेदार डांस फैंस का उत्साह बढ़ा रहा है। कहा जा रहा है कि 'गोट' के एल्बम में सभी प्रमुख पात्रों के लिए कई लघु थीम गीतों के साथ चार गाने शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, युवान ने विजय की भूमिका के लिए एक सिग्नेचर थीम सॉन्ग बनाया है, जो प्रतिष्ठित मनकथा थीम की तर्ज पर है। यह फिल्म वेंकट प्रभु द्वारा लिखित और निर्देशित है।

### भोजपुरी

## 'यशोदा का नंदलाला' में काजल और गौरव के साथ मिलेगा तगड़ा ट्विस्ट



काजल राघवानी की नई फिल्म 'यशोदा का नंदलाला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जहां उनके साथ लीड रोल में गौरव झा हैं, वहीं कहानी में रक्षा गुप्ता तगड़ा ट्विस्ट हैं। मेकर्स का दावा है कि इस फिल्म का क्लाइमेक्स दर्शकों के होश उड़ा देगा। जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया जाएगा। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई फिल्म 'यशोदा का नंदलाला' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में काजल के साथ गौरव झा लीड रोल में हैं। कहानी एक परिवार की है, जहां शादी के बाद पति-पत्नी संतान सुख से दूर हैं। इस कारण गांव वालों से लेकर परिजन तक ताना देने लगते हैं। मैड्ज़ मूवीज और वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी इस फिल्म का ट्रेलर आपको इमोशनल कर देगा। दिलचस्प बात यह है कि ट्रेलर को यूट्यूब पर 24 घंटे में 5.5 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। राज किशोर यादव (राजू) के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'यशोदा का नंदलाला' के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब और प्रतीक सिंह हैं। करीब 4 मिनट के इस ट्रेलर में फिल्म की मार्मिक कहानी की झलक मिलती हैं। इसमें काजल राघवानी और गौरव झा की शादी होती है।

## समंदर की परियां

लाइफ स्टाइल



पेरिस, फ्रांस में फैशन हाउस डायर के लिए हाउते कॉउचर स्प्रिंगसमर कलेक्शन शो के हिस्से के रूप में मॉडल डिजाइनर मारिया ग्राज़िया चिउरी की इस अनूठी डिजाइन को दर्शकों ने खूब पसंद किया। सारे मॉडल समुद्री परिदृश्य के साथ मंच पर हाजिर हुई थीं। इस कलेक्शन की दर्शकों ने भरपूर तारीफ की।

## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



गर्मी के इस मौसम में चाहे आप हाथों को कितना भी कवर करके रख लें, लेकिन धूप का असर इस तक पहुंच ही जाता है। वैसे तो टैनिंग से बचने के लिए आपको बाजार में कई प्रकार से टैन रिमूवल क्रीम आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप घरेलू नुस्खों में ज्यादा भरोसा करते हैं, तो इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपको हाथों की टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहले हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।

**दही और टमाटर:** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।


**कच्चा दूध:** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## शादी में ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें ट्राई, हर कोई करेगा तारीफ




कई बार ऐसा होता हैं जब आप किसी खास मौके के लिए आउटफिट तो पसंद कर लेती हैं लेकिन सही ज्वेलरी का चुनाव नहीं कर पाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आप कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं कि आप आपने आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वेलरी पहने। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो बॉलीवुड की इन एक्ट्रेसेस के लुक से आइडिया ले सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ट्रेडिशनल ज्वेलरी दिखाएंगे जिन्हें आप आपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं।

### स्टोन वर्क नेकलेस



अगर आप हैवी ज्वेलरी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने स्टोन वर्क वाला नेकलेस पहना है साथ में हाथ में इसी नेकलेस की तरह मैचिंग कंगन पहने हैं और इस ट्रेडिशनल ज्वेलरी में एक्ट्रेस में काफी सुन्दर नजर आ रही हैं। आप भी एक्ट्रेस के लुक से आईडिया लेकर बाजार से इस तरह का नेकलेस और कंगन खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 300 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### चोकर

इन दिनों चोकर काफी ट्रेंड में है और अगर आप साड़ी और लहंगा पहन रही हैं तो चोकर वियर कर सकती हैं। इस चोकर को किस तरह अपने आउटफिट के साथ मैच करे इसके लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के लुक आइडिया ले सकती हैं। यह चोकर आपको आसानी से बाजार में मिल जायेगा जिन्हें आप अपने आउटफिट के हिसाब से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं। ये चोकर आपको 200 से 300 की रेंज में आसानी से बाजार और ऑनलाइन मिल जाएंगे।

### झुमका

अदिति राव हैदरी के लुक से आप झुमके का आइडिया ले सकती हैं। यह झुमके गोल्डन में है और इस झुमके में मोतियों का वर्क किया गया है। इस तरह के झमके आप हैवी सूट के साथ पहन सकती हैं।

## समर सीजन में ऑफिस में पहनने अपनाएं ये फुटवियर




गर्मियों में ऑफिस में जाने के दौरान महिलाएं अपने आउटफिट का चुनाव बड़े ही सोच-समझ के करती हैं पर फुटवियर के मामले में थोडा कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि महिलाएं चाहती हैं कि वो ऑफिस में ऐसा फुटवियर पहने जिसमें वो कंफर्टेबल हो साथ ही इस फुटवियर में वो स्टाइलिश भी नजर आए। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं कि समर सीजन में किस तरह का फुटवियर ऑफिस में पहन सकती हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**लोफर:** ऑफिस में पहनने के लिए लोफर फुटवियर एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं इस फुटवियर में आप स्टाइलिश भी नजर आएगी। यह फुटवियर आप सूट, जीन्स साथ ही साड़ी के साथ भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की फुटवियर आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 से 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

**स्लिंगबैक फुटवियर:** स्लिंगबैक फुटवियर जहां पार्टी में पहने जा सकते हैं तो वहीं महिलाएं ऑफिस में इन्हें वियर करके जा सकती हैं। इस तरह के फुटवियर को आप डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फुटवियर में आपका लुक काफी अलग नजर आयेगा साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। यह फुटवियर आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। यह फुटवियर आपको 1000 तक की कीमत में मिल जाएंगे।

**फ्लैट सैंडल:** यह फ्लैट सैंडल जहां सिंपल हैं तो वहीं इस तरह का फुटवियर ऑफिस में पहनने के लिए भी बेस्ट हैं। इस तरह के फुटवियर को आप कई अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं। इस फुटवियर में जहां आप कंफर्टेबल रहेंगी तो वहीं ये फुटवियर में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। यह फुटवियर आपको आसानी से बाजार में मिल जायेंगे साथ ही आप ऑनलाइन भी इन्हें खरीद सकती हैं।

## चेहरे से फाइन लाइन्स होंगी गायब, कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल का करें इस्तेमाल



एक यंगर और नेचुरली ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। जहां कद्दू के बीज एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं, वहीं एलोवेरा जेल अपने सुखदायक और मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। जब आप इन दोनों को मिक्स अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपको कई लाभ मिल सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में अपनी स्किन को यंगर दिखाने के लिए कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल की मदद से बनने वाले फेस मास्क के बारे में बता रहे हैं- सबसे पहले कद्दू के बीज को पीसकर उसका पाउडर बना लें। अब इसमें एलोवेरा जेल, शहद और दही मिक्स करें। अब अपने चेहरे को जेंटल क्लींजर से साफ करें और तौलिए से थपथपाकर सुखा लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। अब गुनगुने पानी से इसे धो लें।

**एजिंग स्किन के लिए कद्दू के बीज के फायदे:** कद्दू के बीज विटामिन ई, विटामिन सी और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करते हैं और स्किन को समय से पहले बूढ़ा होने से रोकते हैं। साथ ही साथ, इसमें ओमेगा -3 और ओमेगा -6 फैटी एसिड होते हैं, जो स्किन को हाइड्रेटेड रखते हैं। इसमें मौजूद जिंक कोलेजन उत्पादन के लिए आवश्यक है, जो स्किन की इलास्टिसिटी और फर्मनेस को बनाए रखता है। एलोवेरा जेल अपने हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। यह नमी को बनाए रखने में मदद करता है और फाइन लाइन्स और रिंकल्स की उपस्थिति को कम करता है।

## कार्नर न्यूज

### जींस अब महिला-पुरुष दोनों की पसंद, स्टाइल और फैशन में आगे

## जींस पहनकर दिखना हैंडसम तो इसे खरीदते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

एक समय था, जब लोग पैंट पहनना पसंद करते हैं। ऑफिस से लेकर बाहर घूमने जाने तक के लिए पैंट ही पहनी जाती थी, लेकिन आज के समय में पैंट की जगह अब जींस ने ले ली है। अब जींस एक ऐसा आउटफिट बन चुका है, जिसे पुरुष और महिला, हर कोई पहनना पसंद करता है। ये काफी आरामदायक भी होती है। जींस पहनने के बाद हर किसी का लुक काफी अलग दिखता है। जिस तरह से जींस पहनने से लोग काफी हैंडसम दिखते हैं, ठीक उसी तरह से अगर सही जींस का चयन न किया जाए तो लुक बिगड़ भी सकता है। महिलाएं तो जींस खरीदते वक्त हर एक छोटी बात का ध्यान रखती हैं, लेकिन लड़के ऐसा नहीं करते। इसी के चलते आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं। जिनका ध्यान आपको जींस खरीदते वक्त जरूर रखना है।



### ट्रेंड नहीं, अपने आराम को चुनें

अक्सर लड़के ट्रेंड में जैसी जींस चल रही है, उसे बिना सोचे समझे खरीद लेते हैं। कई बार ऐसे खरीदी हुई जींस से लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हमेशा ऐसी जींस का चयन करें, जो आरामदायक हो, और जिसकी फिटिंग सही हो।

### क्वालिटी हो सही

जींस की क्वालिटी से कभी समझौता नहीं करें। ध्यान रखें कि जींस आपको पूरे दिन पहनकर रखनी है। अगर ये खराब क्वालिटी की होगी, तो ये आपको दिनभर परेशान कर सकती है। ऐसे में हमेशा हल्के स्ट्रेच वाली जींस ही खरीदें।

### बॉडी शेप का रखें ध्यान

जींस खरीदते वक्त अपने शरीर के आकार का ध्यान अवश्य रखें। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट काफी अच्छी लग सकती हैं। वहीं अगर आपकी पियर शेप बॉडी है, तो आप पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। इसके अलावा यदि आपकी कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें।

### सिलाई पर भी डालें नजर

जींस खरीदते वक्त एक बार उसे उल्टा करके उसकी सिलाई पर नजर जरूर डालें। अगर इसकी सिलाई टेढ़ी है, तो पक्का ये जींस आपको या तो ढीली आएगी, या फिर काफी टाइट आएगी। लड़कों की जींस में हमेशा स्ट्रेट योक होता है, इसी वजह से इसकी फिटिंग सही आती है।



## खबर संक्षेप

### थार वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सेदम/बतौली।** एनएच 43 मंगारी पेट्रोल पंप के समीप बाइक व थार वाहन में आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना से उग्र हुए ग्रामीणों ने थार वाहन को आग के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है मृतक कुनकुरी निवासी है जो किसी काम के सिलसिले में बाइक से आया था। शाम को घर लौटने लगा और जैसे ही एनएच 43 मंगारी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे थार वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 3679 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक जेएच 07 एल 7341 सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना को देख बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। आए दिन मार्ग पर हो रही दुर्घटना से लोग काफी आक्रोशित हो गए और थार वाहन को आग के हवाले कर दिया। हैरानी की बात यह है कि घटना के सूचना के बाद भी पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची थी। हालांकि वाहन के आग लगाने की जानकारी लगते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल में भेज किसी तरह वाहन में लगी आग को बुझाया।

### बोलेरो की टक्कर से युवक की मौत, पत्नी व बेटी घायल

**अम्बिकापुर।** शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार को बतौली चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी व बेटी घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार झारखंड पलामू अंतर्गत चैनपुर बनखेता निवासी जाहिर अंसारी आ. स्व. तैयब अंसारी (40 वर्ष) गत दिन सीतापुर निवासी रिश्तेदार के यहां शादी पार्टी में शामिल होने पत्नी नाजमा बेगम व 11 वर्षीय बेटी निखत परवीन के साथ सीतापुर निवासी रिश्तेदार के यहां शादी पार्टी में शामिल होने बाइक क्रमांक जेएच 01 सीयू 1305 से आए थे। शादी पार्टी में शामिल होने के बाद तीनों बाइक से घर लौटने लगे। जैसे ही बाइक सवार बतौली चौक के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 सीएच 9219 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक दंपति सहित बेटी घायल हो गए।

### पेड़ से टकराया बाइक सवार,गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम रनपुर खुर्द निवासी बबलू सिंह आ. सपन राम (30 वर्ष) शनिवार की दोपहर किसी काम के सिलसिले में ग्राम अखोरा से कुंदी बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार अखोरा पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। घटना को देख ग्राम बदौली के सरपंच ने घायल को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर दूसरे दिन रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को रायपुर ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी घायल की हालत और बिगड़ गई जिस पर परिजन उसे आपात कालीन लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### बाइक की टक्कर से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सपना मोड़ के समीप बाइक सवार को पीछे से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम सपना दशहरापारा निवासी बंधन राम आ. स्व. अमर साय शनिवार की शाम बाइक से किसी काम के सिलसिले में ग्राम सुखरी जा रहा था। जैसे ही मुख्य मार्ग सपना मोड़ के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार मुकेश ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बंधन राम सड़क पर गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## सेतु निगम ने तैयार किया था संपर्क मार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव

# दूरस्थ ग्रामीण अंचल के नदी-नालों में बनेगी पुलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल जहां तक पहुंचने के लिए नदी नाला पार करना पड़ता था ऐसे पहाड़ी नालों में छोटी छोटी पुलिया बनाने का कार्य सेतु निगम द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए पूर्व में ही सेतु निगम ने प्रस्ताव तैयार किया था। 20 स्थानों में पुलियों का निर्माण किए जाने की तैयारी की जा रही है। पुलियों के निर्माण के बाद ऐसे गांव जो संपर्क मार्ग से कटे हुए थे वह जुड़ सकेंगे।

**खास बात**

- पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में पहाड़ी नालों की संख्या ज्यादा


पोड़ी उपरोड़ा तान नाला।

पहाड़ी और वनों से ढंका जिला होने के कारण जिले के कई ऐसे दूरस्थ अंचल हैं जहां के पहाड़ी नालों में अभी भी छोटी छोटी पुलियों की दरकार बनी हुई है। जिसकी वजह से शासकीय योजनाओं का विस्तार एवं प्रशासनिक दल का पहुंचना कठिन हो जाता था। ऐसे दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में बरसात के समय पहुंच पाना कठिन कार्य था। ऐसे ग्रामों को संपर्क मार्ग से जोड़ने और नालों में छोटी छोटी पुलियों का निर्माण का प्रस्ताव जनपद से जिलापंचायत को भेजा गया था। सेतु निगम ने ऐसे स्थानों का सर्वे कर लेआउट तैयार करने के बाद राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिस पर स्वीकृति मिलने की जानकारी सामने आई है। 20 ऐसे स्थानों में छोटी पुलियों का निर्माण किया जाएगा जो बरसात के समय पूरी तरह संपर्क मार्ग से कट जाते थे। ऐसे स्थानों का सर्वे भी किया जा चुका है और स्टीमेट तैयार किया जाएगा। जिले के पोड़ी उपरोड़ा, कोरबा व पाली ब्लॉक ऐसे हैं जहां पहाड़ी नदी नालों की संख्या ज्यादा है। ऐसे नालों में ही पुलिया निर्माण की आवश्यकता बनी हुई थी जो आचार संहिता के बाद शुरु हो सकेंगे। ऐसे पुलिया निर्माण के लिए ग्राम पंचायत से भी प्रस्ताव जनपद व जिला पंचायत को भेजे गए हैं। जिनपर स्वीकृति मिल चुकी है।

**20 लाख के काम पंचायत के जिम्मे**

20 लाख तक के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी शासन ने अब ग्राम पंचायतों को दे दी है। ग्राम पंचायत अब 20 लाख तक के लागत वाले कोई भी निर्माण कार्य करा सकते हैं। पहाड़ी नालों में जहां पुलिया निर्माण में 20 लाख तक की लागत आएगी उक्त कार्य अब पंचायत करा सकेगी। कई ऐसे ग्राम पंचायत हैं जिनके आश्रित ग्राम पंचायत तक पहुंचने के लिए नाला पार कर जाना पड़ता है। छोटी छोटी पुलियों का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात में दिक्कतें उठानी पड़ती है जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर परसाखोला नाला में अब तक किसी तरह की पुलियों का निर्माण नहीं किया गया है। जबकि नाला पार करने के बाद ग्राम टापरा, सुअरधार, नरबदा जैसे ग्राम आते हैं। वनांचल ग्राम होने के कारण पहुंच मार्ग का निर्माण भी नहीं हुआ है, नाले में पुलिया निर्माण तो दूर की बात।

## तैलिक विकास समिति बालको ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती


कार्यक्रम में उपस्थित समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तैलिक विकास समिति बालको नगर द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालको में तैलिक कुलभूषण, संत शिरोमणि दानवीर भामाशाह जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह के छायाचित्र में माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य लेखराम साहू को उनके सामाजिक दानशीलता के लिए श्रीफल व शाल भेंट कर दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। उपमहासचिव खोमलाल साहू ने समाज की एकता और अखंडता पर अपनी बात रखी। इस दौरान महासचिव डिकेश्वर साहू, उपकोषाध्यक्ष वोसंत साहू, महासचिव हिमानी साहू, कोषाध्यक्ष पूजा साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष शरद साहू, नोनीबाई साहू, कलेशराम साहू, सुदामा साहू , धरम साहू, गायेंद्र साहू,चिंताराम साहू, भूषण साहू, कविता साहू,सुचिता साहू, इंदु प्रभा साहू, पुष्पा साहू, परमेश्वरी साहू, खम्भन लाल साहू, पूर्णय साहू, साहिल, जान्हवी, सानवी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार महासचिव डिकेश्वर साहू ने किया।

## मारवाड़ी युवा मंच नव चेतना शाखा ने गरीब कन्या के विवाह में किया सहयोग


सामग्री वितरण करते हुए मंच की सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर की समाज सेवी संस्था मारवाड़ी युवा मंच नव चेतना शाखा के द्वारा लगातार सेवा गतिविधिया की जा रही है। सेवा की इसी कड़ी में पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड में निवासरत गरीब कन्या जो कि काफी गरीब होने की वजह से विवाह में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था जिसे देखते हुए शाखा के द्वारा गरीब कन्या को उसके विवाह में शामिल होकर जरूरतमन्द सामग्री व नगद राशि देकर एक मिशाल कायम किया। शाखा की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका बंसल ने बताया कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता यह हमारे लिए बड़े ही खुशी की बात है कि गरीब आदिवासी महिला के विवाह में जरूरतमन्द सामग्रियों का वितरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका बंसल, संरक्षक श्रीमती बबिता धनोंदिया, श्रीमती वर्षा गोयल, श्रीमती रेखा बंसल, सचिव श्रीमती एकता सिंघल, श्रीमति प्रियंका अग्रवाल, श्रीमती नीतू अग्रवाल, श्रीमती प्रिया जिंदल, श्रीमती शिल्पा अग्रवाल, श्रीमती छाया अग्रवाल, श्रीमती भावना अग्रवाल उपस्थित रहे।

## बस का इंतजार कर रही महिला को वाहन ने मारी टक्कर, मां की मौत, भतीजी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिखी स्थित नुनेरा मोड़ पर बस का इंतजार कर रही मां बेटी को तेज रफ्तार ईको वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में मां की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई।

- ग्राम रिखी में नुनेरा मोड़ पर हुई दुर्घटना

दुर्घटनाकारी वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। ग्राम जुड़वानी नवापार निवासी सुखमनिया पति सुखदेव (34वर्ष) कुछ दिनों पूर्व अपनी भतीजी उषा पिता कुंभ प्रसाद (18वर्ष) के साथ अपने रिश्तेदार के घर ग्राम नमना व नुनेरा गई थी तथा सोमवार को अपने घर वापस लौटने ग्राम रिखी स्थित नुनेरा मोड़ पर सड़क किनारे पीपल पेड़ की छाया में खड़े होकर बस पहुंचने का इंतजार कर रही थी। इस दौरान ग्राम रिखी से नुनेरा जा रहे तेज रफ्तार ईको


दुर्घटनाग्रस्त क्षतिग्रस्त वाहन।

वाहन क्रमांक सीजी 15 डीए 5760 के चालक ने लापरवाही पूर्वक विपरीत दिशा से आकर सड़क किनारे खड़ी सुखमनिया को अपनी चपेट में लेने के साथ ही उषा को टक्कर मार पीपल पेड़ से टकराकर पलट गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सुखमनिया की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना में वाहन चालक को भी गंभीर चोटें आई है तथा उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है। तेज रफ्तार वाहन को पलटते देख आसपास में उपस्थित लोग घटनास्थल पर पहुंच गए तथा चालक को वाहन से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। किसी ने भी सड़क किनारे तड़पती उषा व मृत सुखमनिया पर ध्यान नहीं दिया। सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची तथा सड़क किनारे पड़ी महिला व बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाई जहां चिकित्सकों ने सुखमनिया को मृत घोषित कर दिया तथा घायल उषा का उपचार प्रारम्भ किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजन को सौंप दिया। दुर्घटना में सुखमनिया की मौत होने की सूचना पर मृतिका के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। पीएम उपरांत परिजन एक घंटे तक अस्पताल का शव वाहन पहुंचने का इंतजार करते रहे।

## निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी होंगे तथा यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### कोयला चोर...

की लेकिन वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर चालक का पीछा करते हुए उसे धरदबोचा और ट्रैक्टर में लदे कोयला परिवहन के संबंध में आवश्यक दस्तावेज की मांग की। जिस पर चालक कागजात पेश करने में नाकाम रहा। वन विभाग की टीम ने तत्काल उसे गिरफ्तार करने के साथ वाहन को अपने साथ रेंज परिसर लाकर खड़ा कर दिया और आगे की पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ में चालक ने अपना नाम ग्राम टुनियाकछार निवासी रामनाथ पिता अंतराम धनुहार उम्र 25 वर्ष बताया। रेंजर के मुताबिक मामले में चालक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धारा के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ की जा रही है। ट्रैक्टर के मालिक रामनाथ से भी पूछताछ होगी। कार्रवाई में वन विभाग के संतोष यादव, प्रीतम पुराइन, नागेंद्र जायसवाल, अशोक श्रीवास, नरेंद्र साहू, राजकुमार बंजारे एवं भेषज कुमार पटेल की प्रमुख भूमिका रही।

**कोरबा मार्केट**




**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

-:ईश्तहार:-
रा.प्र.क्र. श्रेणी-अ-21/23-24
ग्राम-कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोककुमार अग्रवाल पिता श्री श्यामसुन्दर अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा छ०ग० ने ग्राम कटघोरा तहसील-कटघोरा स्थित परिवर्तित भूमि ख०न० 609/4, 608/2, 608/3 रकबा 0.024, 0.121, 0.061 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता दिनेशकुमार अग्रवाल पिता श्याम सुन्दर अग्रवाल, निवासी कटघोरा के पास विक्रय किए जाने की अनुमतिः बाबत आवेदन न्यायालय कलेक्टर कोरबा के समक्ष प्रस्तुत करने पर आवेदिका का आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा के न्यायालय से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह दिनाक 29.04.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति जो कुछ भी हो स्वयं या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगा कर जारी किया गया।

तहसीलदार
कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

-:ईश्तहार:-
रा.प्र.क्र. श्रेणी-अ-21/23-24
ग्राम-कटघोरा, प.ह.नं. 10
तहसील-कटघोरा

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ज्योति अग्रवाल पिता/पति श्री अशोककुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा छ०ग० ने ग्राम कटघोरा तहसील कटघोरा स्थित परिवर्तित भूमि ख0नं0 542/4, 543/7, 555/2/ख रकया 0.053, 0.036. 0.016 हे. भूमि को प्रस्तावित क्रेता कमललाल अग्रवाल पिता जगदीषप्रसाद अग्रवाल, अशोककुमार अग्रवाल, अजय अग्रवाल पिता कमललाल अग्रवाल निवासी कटघोरा के पास विक्रय किए जाने की अनुमति बाबत आवेदन न्यायालय कलेक्टर कोरबा के समक्ष प्रस्तुत करने पर आवेदिका का आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा के न्यायालय से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह दिनांक 29.04.2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति जो कुछ भी हो स्वयं या अपने अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से पेष कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगा कर जारी किया गया।

तहसीलदार
कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

-:ईश्तहार:-
रा.प्र.क्र. 202403050400011 /अ-21/23-24
ग्राम- मोंगरा, प.ह.नं. 43
तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता मौजा मोंगरा प.ह.नं 43 रा.नि.मं बांकी तहसील कटघोरा को सूचित किया जाता है कि नथमल शर्मा पिता मुरलीधर शर्मा निवासी कुदरीपारा बॉकीमोंगरा, तहसील कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 43, रा.नि.म बांकी तहसील कटघोरा स्थित स्वत्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ख.नं. 573/4 रकबा 0.12 एकड़ वर्गफुट भूमि की प्रस्तावित क्रेता विष्णु अग्रवाल पिता रामनारायण अग्रवाल निवासी बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) को पास विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदाय किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/04/2024 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- कटघोरा

नायब तहसीलदार
कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं दीपिका जाजोदिया (Deepika Jajodia) उम्र लगभग 36 वर्ष पति श्री आशिष जाजोदिया निवासीः-अग्रोहा मार्ग कोरबा तहसील कोरबा जिला कोरबा छ.ग. की होकर निम्नलिखित कथन शपथवपूर्वक करती हूँ कि :-

01. यह कि मेरे द्वारा अपनी पुत्री प्रिशीका जाजोदिया (Prishika Jajodia) का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया है जिसमें मेरा नाम दीपिका जाजोदिया (Dipika Jajodia) दर्ज कर दिया गया है। जिसका रजिस्ट्रेशन कमांक 2019-02-002922 दिनांक 06/06/2019 है।

02. यह कि, मेरा सही नाम दीपिका जाजोदिया (Deepika Jajodia) है तथा मेरे आधार कार्ड क्रमांक 9286 4910 0346 में मेरा यही नाम दर्ज है।

03. यह कि में अपनी पुत्री के उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम दीपिका जाजोदिया (Dipika Jajodia) से सुधारकर मेरा सही नाम दीपिका जाजोदिया (Deepika Jajodia) दर्ज किया जॉए जिसके लिए जो भी नियम एवं शर्तें होगी उसका पालन मेरे द्वारा किया जाएगा।

04. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में दिया गया है जिसे की संबंधित विभाग मे प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
दीपिका जाजोदिया



## खबर संक्षेप



### एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस

**कोरबा।** नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) ने अपना 8 वां स्थापना दिवस मनाया। बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यहां मेरा पहली बार आना हुआ है, नाम तो सुना था लेकिन यहां आकर देखा तो विशाल भवन, विशाल खेल मैदान और सभी भवनों में अत्याधुनिक सुविधाएं देखकर लगा कि यह मेरी कल्पना से भी बेहतर है। बंजर जमीन में शिक्षा का मंदिर बनाना बड़ी बात है और आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बच्चों को कम फीस में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा देना मानवीय सेवा का सबसे बड़ा कर्म है। उन्होंने प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर -डि 3233 सी लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि मैं यहां कई बार आया हूं लेकिन जितने बार आया नया देखा। इसके अलावा दिग्गज लायन एमजेएफ लायन रिपुदमन केसरी (द्वितीय वाईस डि गवर्नर), लायन मोहन सिंह छाबड़ा, लायन डॉ. व्ही के अग्रवाल आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने की और कहा कि हमारा प्रयास इस विद्यालय को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बनाने का है और विशेषज्ञ अध्यापकों के कारण विद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है और कम फीस में अच्छी शिक्षा मिल रही है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों का रूझान विद्यालय की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय के बगल में गुरूकुल महाविद्यालय भी खुलने जा रहा है और क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा भी मिलने लगेगी। शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों एवं छत्तीसगढ़ी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जादूगर का मैजिक शो का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### स्काउट गाइड्स द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अपने घर-परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### सी-विजिल ऐप में आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

## मई के महीने से संग्रहण होगा शुरु, विभाग ने शुरु की तैयारी

# कोरबा और कटघोरा में सारी समितियों के तेंदूपत्ता की पहली बार हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षो से खराब क्वालिटी के तेंदूपत्तों को ठेकेदार खरीदते नहीं थे और मजबूरन विभाग को पत्तों की तुड़ाई करानी पड़ती थी लेकिन इस साल ठेकेदारों ने दोनों वनमंडल के सारे समितियों के तेंदूपत्ते की खरीदी की है। अब इस साल विभाग को तेंदूपत्ता तोड़ाई के टेंशन नहीं लेना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के तेंदूपत्ते की बेहतर क्वालिटी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचने वाले तेंदूपत्ता के ठेकेदार हर वर्ष तेंदूपत्ता को हाथों-हाथ खरीदते हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर दोनों वनमंडल के 4 से 5 समिति जहां कमजोर क्वालिटी के तेंदूपत्ते होते थे जिसकी वजह से इस इलाके के तेंदूपत्ता को ठेकेदार ऑनलाइन नीलामी में नहीं खरीदते थे। मजबूरन पिछले कई वर्षों से कोरबा वनमंडल में उमरेली, सोहागपुर, चिकनीपाली तथा कटघोरा वनमंडल के हरदीबाजार, दीपका व आसपास क्षेत्र के कमजोर क्वालिटी के पत्तों की खरीदी नहीं होने पर विभाग द्वारा तेंदूपत्ते की तोड़ाई करानी पड़ती थी जिसके लिए विभाग को मशक्कत करनी पड़ती थी। इस वर्ष 2024 में कोरबा वनमंडल में 52 हजार 900 मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया जाना है। जिसके लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कोरबा वनमंडल के 34 समितियों के तेंदूपत्तों को ठेकेदारों ने पहली बार पूरी खरीदी की है। जबकि इसी तरह कटघोरा वनमंडल के 44 समितियों के तेंदूपत्ते को ठेकेदारों ने खरीद लिया है।



फाइल फोटो

### विमलता खरीदी गई है सबसे ऊंचे दर पर

कोरबा वनमंडल के 34 समिति में से 34 समिति के तेंदूपत्तों की खरीदी कर ली गई है। जिसमें से विमलता समिति को सबसे अधिक ऊंचे दर पर ठेकेदारों ने खरीदा है जिसे 10 हजार 719 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। इसी तरह गढ़ समिति को 10 हजार 389 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। लेमरु समिति को 10 हजार 309 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स राधा किशन ट्रेडिंग कंपनी द्वारा खरीदी की गई है। श्यांग समिति को 10 हजार 109 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। कटघोरा वनमंडल के 44 समिति में से 44 समिति की खरीदी हुई है। जिससे तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले आदिवासी परिवारों को इस साल अच्छी खासी कमाई होगी।

### कोरबा वनमंडल में कौन समिति कितने में बिकी

उमरेली समिति 4179 रुपए प्रति मानक बोरा, सोहागपुर समिति 2829 रुपए, चिकनीपाली 5369 रुपए , सेंद्रीपाली/नोनबिर्रा 6979 रुपए, बेहरचुवां 7399 रुपए, रामपुर 7799 रुपए, नोनदरहा/चारमार 7599 रुपए, बड़मार/करतला 8899 रुपए, कोटमेर 8669 रुपए, पुरैना 3357 रुपए, सरगबुंदिया/भैसमा 2829 रुपए, बुंदेली 7489 रुपए, कोई 8684 रुपए, चचिया 9099 रुपए, कुदमुरा 7519 रुपए, बरपाली 7776 रुपए, कोल्गा-अ 9449 रुपए, कोल्गा-ब 9499 रुपए, पसरखेत 9299 रुपए, बताती 9199 रुपए, रजगामार 8749, कोरबा 6930 रुपए, जामबहार 7900 रुपए, बेला 8394 रुपए, ठाकुरखेता 8394 रुपए, गिरारी 8415 रुपए, लबेद 7306 रुपए, गुरमा 8294 रुपए, चुईया 7619 रुपए, अजगरबहार/सतरेंगा को 7036 रुपए प्रति मानक बोरा में खरीदा गया है।

# शिव सेवा फाउंडेशन ने शुरु किया प्याऊ घर



प्याऊ का शुभारंभ करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिव फाउंडेशन द्वारा मेजर ध्यान चंद चौक में निःशुल्क हसदेव अमृत जल प्याऊ एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु शुद्ध पेय जल सिंटेक्स स्थापित की। समाज सेवी टीम शिव फाउंडेशन द्वारा विगत 3 वर्ष से ग्रीष्म ऋतु पर निःशुल्क प्याऊ चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शिव फाउंडेशन ने मेजर ध्यान चंद चौक में पानी की समस्या को देखते हुए, शुद्ध पेय जल हेतु सिंटेक्स की भी स्थापना की है। जिसका शुभारंभ निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद श्रीमती पुराईं बाई कंवर सहित कमल पांडेय उपस्थित थे। कमल पांडेय के सौजन्य से रूमगरा चौक में सिंटेक्स का सौगात प्राप्त हुई। मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल ने कार्य की सराहना करते हुए, शिव फाउंडेशन के माध्यम से राहगीरों को शीतल जल सदैव प्राप्त हो इसके स्वयं से लिए वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। एवम विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल ने शिव फाउंडेशन के माध्यम से अपने माता पिता की स्मृति में शव सम्मान हेतु मरचूरी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम का मंच संचालन बजरंग बहादुर सोनी, अध्यक्षता अजय धीवर ने किया।

# 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग के जरिए करेंगे मतदान




बैठक लेते प्रेक्षक एवं उपस्थित कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव में जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग कराने के लिए जिले हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

सामान्य प्रेक्षक मीणा ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने की बात कही। कलेक्टर ने विभिन्न पपत्रों की उपयोगिता को समझ कर उन्हें भरने की पूरी जानकारी प्राप्त कर कुशलता पूर्वक होम वोटिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ एमएम जोशी ने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। जिले में होम वोटिंग हेतु कुल 132 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 30 अप्रैल एवं 1 मई को होम वोटिंग कराई जाएगी।

**खास बात**

- 132 मतदाता होम वोटिंग के लिए किए गए चयनित, 30 अप्रैल व 1 मई को डालेंगे वोट

# अलग-अलग हादसे में दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा-तुमान रोड पर घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम करमंदी निवासी सुनील पटेल 23 वर्ष पिता संतोष पटेल अपने परिवार के सदस्यों को छोड़ने के लिए अपने ससुराल तुमान गया हुआ था जहां से अपने बच्चों को छोड़कर वापस अपने गृहग्राम करमंदी लौट रहा था कि तिलकेजा-तुमान रोड पर पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक सवार सुनील पटेल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे सुनील पटेल को गंभीर चोट आई थी और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान सुनील पटेल की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात बोलेरो चालक की खोजबीन करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम सलोरा निवासी गुलशन कुमार 28 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ शादी समारोह में शामिल होने एनटीपीसी आया हुआ था। जहां रात लगभग 10 बजे शादी समारोह से शामिल होकर वापस दोनों अपने गृहग्राम सलोरा लौट रहे थे कि छुरी के आगे पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार गुलशन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को मामूली चोट आई है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कटघोरा थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले एक्सयूवी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**खास बात**

- कटघोरा और उरगा थाना क्षेत्र में हुई घटना

### श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, जा रहे थे मड़वारानी दर्शन के लिए

रायगढ़ जिले में निवास करने वाला एक परिवार के आधा दर्जन लोग ऑटो में सवार होकर दर्शन के लिए सोमवार की सुबह उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मां मड़वारानी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे कि ऑटो पहाड़ की खड़ी चढ़ाई होने की वजह से ऑटो अनियंत्रित हो गई और ऑटो पलट गई जिससे ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो में सवार लगभग आधा दर्जन लोगों को मामूली चोट आयी है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची थी जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि सभी श्रद्धालु रायगढ़ जिले के रहने वाले थे जहां सभी को मामूली चोट आयी है उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।



# व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी दर्री का किया आकस्मिक निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से जानकारी लेते प्रेक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वायड दल के जांच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी चंद्रकांत टिकारिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक राजीव पाण्डेय उपस्थित थे।

### ट्रक मालिक स्कूल बाउंड्रीवॉल के किनारे खड़ा कर रहे भारी वाहन



**कोरबा।** विकासनगर कुसमुंडा के बीकन स्कूल के गलियारे में मालिकों द्वारा भारी वाहनों को गलत तरीके से खड़ा कर रहे हैं। जिससे स्कूल के लिए परेशानियों का सबक बनता जा रहा है, जबकि कॉलोनी के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है। उसके बावजूद भी गैर मालिकों द्वारा मनमानी की जा रही हैं। जिसे एसईसीएल के विभाग अधिकारी को भी कोई सुध नहीं है, क्योंकि यह उनके ही क्षेत्र है और तो और सीसीएल के कर्मचारियों के ही कई बच्चे यहां पढ़ने आते हैं। जिस क्षेत्र मे भारी वाहन खड़ा किया गया है उस क्षेत्र से कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों के साथ अन्य स्थानों के भी स्कूल में बच्चे पढ़ने के लिए स्कूलों में आना होता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संचालन हेतु दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएम जोशी द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। सभी कर्मचारियों द्वारा सामग्री वितरण एवं जमा कार्य में एकरूपता व समानता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान दलों को दी जाने वाली सामग्री किट में निर्धारित सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि बिना त्रुटि के मतदान दल रवाना हो सकें। मास्टर ट्रेनर जोशी ने बताया कि जिले में कोरबा एवं रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव सामग्री का वितरण एवं वापसी आई.टी.कॉलेज झगरहा और विधानसभा कटघोरा एवं पाली-तानाखार के लिए शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा से चुनाव सामग्री का वितरण एवं जमा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 मई को प्रातः सात बजे से दोनों केंद्रों पर मतदान दलों को सामग्री वितरित की जाएगी तथा 7 मई को शाम 7 बजे से सामग्री जमा की जाएगी।

**खास बात**

- दो केन्द्रों से चुनाव सामग्री की जाएगी वितरित

